# प्रवाह (PRAVAAH) पोर्टल

स्रोत: द हिंदू

भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) ने हाल ही में 3 प्रमुख पहलें शुरू की हैं:

- **प्रवाह** (**Platform for Regulatory Application, VAlidation and AutHorisation- PRAVAAH**) **पोर्टल**: व्यक्तियों और संस्थाओं के लिये RBI से विभिन्न प्रकार के विनियामक अनुमोदनों हेतु आवेदन करने के लिये **एक सुरक्षित और केंद्रीकृत ऑनलाइन मंच (वेब-आधारित पोर्टल)**।
  - इसके माध्यम से एकल संपर्क बिंदु की उपलब्धता द्वारा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा तथा इसका उद्देश्य RBI की विनियामक स्वीकृतियों की दक्षता में सुधार करना है।
- **रिटेल डायरेक्ट (Retail Direct) मोबाइल ऐप:** यह ऐप खुदरा निवेशकों को प्रत्यक्ष तौर पर अपने स्मार्टफोन के ज़रिये सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) में सरलतापूर्वक निवेश हेतु रिटेल डायरेक्ट प्लेटफॉर्म तक पहुँच प्रदान करता है।
- **फिनटेक रिपोजिटरी (FinTech Repository):** यह एक वेब-आधारित डेटाबेस है जिसमें **भारतीय फिनटेक फर्मों के बारे में व्यापक डेटा** को शामिल किया गया है, यह विनियामक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु फिनटेक परिदृश्य की बेहतर जानकारी सुलभ कराता है।
- इसके अलावा RBI ने **एमटेक रिपॉजिटरी (EmTech Repository)** की भी शुरुआत की है, जो **बैंकों तथा NBFCs** जैसी RBI-विनियमित संस्थाओं द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों (कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, **क्लाउड कंप्यूटिंग** आदि) को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करती है।
  - फिनटेक (FinTech) और एमटेक (EmTech) दोनों ही सुरक्षित वेब एप्लीकेशन हैं, जिनका प्रबंधन **रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH)** द्वारा किया जाता है।

**और पढ़ें:** भारतीय रिज़र्व बैंक, RBI का सरकार को अधिशेष अंतरण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pravaah-portal